## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीकेकेएमएस ने शुरू किया गेट मिटिंग

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ संगठन में वेतन समझौता में हो रही देरी के लिए रोष जाहिर किया है। उनके द्वारा सभी इकाईयों में गेट मिटिंग किया जा रहा है। बगदेवा संभागीय महामंत्री अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में गेट मिटिंग किया गया। उसी तरह मानिकपुर में नवीन पावर संजय सिंह केन्द्रीय कर्मशाला में राजेन्द्र यादव दादूलाल राठौर बाबूलाल चंन्द्रा सेन्ट्रल स्कूल में रजंय सिंह सुभाशित भवनिक गेवरा प्रोजेक्ट में विनेन्द्र राठौर कुलदीप दास दीपका में लक्षमण चंद्रा अश्वनी मिश्रा के नेतृत्व में गेट मिटिंग किया जाएगा।

### युवक के खाते से साढ़े 5 लाख रुपए पार

**रायपुर (आरएनएस)।** अमेजन ई वाउचर को लिंक पर भेजने पर तत्काल पैसा ट्रांसफर होने का झांसा देकर साढ़े 5 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोविंद कुमार अग्रवाल 39 वर्ष ने थाने में शिकायत किया था कि वह अमेजन ई वाउचर लिंक खरीदा था। जिससे प्रार्थी के कंपनी का एमडी गोपाल प्रसाद अग्रवाल का वाटसएप डीपी में फोटो डालकर अज्ञात व्यक्ति ने वाइस कॉल एवं चैट कर राशि वापस होने का आश्वासन देकर प्रार्थी के आईसीआईसी बैंक के खाता से 5 बार में साढ़े 5 लाख रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग में पहाडिय़ों से चट्टानों के गिरने से आवागमन बाधित हुआ

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के अंतर्गत दो पहाडिय़ों के बीच से निकली राष्ट्रीय राजमार्ग भारी वर्षा के चलते चट्टानों के गिरने से आवागमन बाधित हो गया है। चट्टानों के गिरने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण पुराने मार्ग से आवागमन को प्रशासन ने चालू करवाया है। विदित हो कि दो पहाडिय़ों के बीच से बनाये गये मार्ग में वर्षा के दौरान चट्टानों के गिरने का मामला पहले भी होता रहा है। इस मार्ग को बनाये जाने के दौरान पहाड़ी में लोहे की जाली लगाई गई थी, लेकिन यह नाकाफी साबित हुई है। इस पहाड़ी से चट्टानों के गिरने से वैसे तो अभी तक कोई बड़ा हादसा नही हुआ है, बावजूद इसके गंभीर हादसे से इंकार नही किया जा सकता है। चारामा थाना प्रभारी नितिन तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पहाड़ी वाले रास्ते को बंद करा दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर पुन: रास्ता बहाल करने का प्रयास जारी है, इसके लिए बड़ी क्रेन मंगाई गई है, तब तक सावधानी पूर्वक पुराने रास्ते से आवागमन चालू किया गया है।

### कन्या आश्रम की 3 छात्राएं व एक भृत्य कोरोना संक्रमित मिले

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर भानपुरी स्थित कन्या आश्रम की 03 छात्राएं और 01 भृत्य कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार यहां एक छात्रा में कोरोना के लक्षण सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम अन्य छात्राओं व स्टाफ की कोरोना जांच करने पहुंची थी। आश्रम में कुल 35 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया, जिसमें 03 छात्राओं समेत 04 की कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई है। सभी कोरोना पॉजीटिव को होम आइसोलेशन में रखा गया है। बस्तर जिले के सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी ने भानपुरी आश्रम में तीन छात्राओं और एक भृत्य के कोरोना संक्रमित पाए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जिले में कोरोना के मामले सामने आ रहे हैं, जिसे देखते हुए कोविड टेस्ट की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की डेंगू और मलेरिया से भी लड़ाई जारी है। शनिवार को डेंगू के 14 मरीज मिले हैं, वहीं इस बीमारी से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में 18 से अधिक मरीज दो दिन पहले तक भर्ती थे। जिनमें से 04 लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# आजादी का अमृत महोत्सव: छत्तीसगढ़ में हर घर तिरंगा अभियान में होगी जन-जन की भागीदारी - मुख्यमंत्री

- शाह की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल हुए भूपेश बघेल
- मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में की जा रही तैयारियों की दी जानकारी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान आयोजित किया जा रहा है, इस अभियान में 13 से 15 अगस्त तक हर घर, शासकीय-निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में इस अभियान के लिए छत्तीसगढ़ में की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के संबंध में शासकीय स्तर पर बैठक आयोजित की जा चुकी है, भारत सरकार द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं, उनके आधार पर प्रदेश में तैयारियां




की जा रही हैं। अभियान में सामाजिक संगठनों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों, कारपोरेट जगत की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सार्वजनिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों, कारपोरेट जगत को सीएसआर मद से इस अभियान में भागीदारी और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग एवं हाथ करघा विभाग, स्थानीय स्व-सहायता समूहों के माध्यम से तिरंगा का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे उन्हें और स्थानीय दर्जियों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 60 लाख परिवार हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेवार लक्ष्य तय कर कार्ययोजना बनाई गई है। पांपलेट, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स और सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्य सचिव ने भी कलेक्टरों की बैठक लेकर उन्हें इस अभियान की तैयारियों के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। लोगों से यह भी कहा गया है कि अभियान के दौरान और इसके बाद भी झंडे की गरिमा और सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, संस्कृति विभाग के सचिव अंबलगन पी., मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस. भारती दासन और संचालक संस्कृति विवेक आचार्य भी उपस्थित थे।

# जिले में अलग-अलग हादसे में दो युवकों की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग खुनी हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। इनमें एक की खेत की जुताई करते वक्त ट्रैक्टर में दबकर तो दूसरे की सडक़ दुर्घटना में एक वाहन के चपेट में आने से मौत हुई है। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए संबंधित थाना क्षेत्र के अस्पतालों के चीरघर भिजवा दिया।



जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम आमाखोखरा निवासी दुहन सिंह कंवर उम्र 35 पिता स्व.पदुमनाथ सिंह कंवर अपने ट्रैक्टर से सुबह 08 बजे के लगभग धान की फसल बोवाई करने के लिए खेत की जुताई कर रहा था। बारिश के दौरान अचानक ट्रैक्टर जुताई करते वक्त अनियंत्रित होकर खेत के मेढ़ के पास पलट गया। जिससे की उसमे दुहन सिंह कंवर दबकर चीखपुकार करते हुए तड़पने लगा। उस वक्त उसके परिवार के एक-दो सदस्य वहां मौजूद थे। लेकिन पलटे हुए ट्रैक्टर को सीधा खड़ा करना एवं उसमे दब कर फंसे दुहन सिंह कंवर को निकालना उनके बूते की बात नहीं थी। इसलिए उन लोगों ने आसपास के खेतों में काम कर रहे एवं जुताई कर रहे अन्य किसानों को शोर मचाकर आवाज दिया। बताया जाता है कि इस घटना की खबर जंगल में लगी आग की तरह चारों ओर फैल गई। देखते ही देखते ग्राम आमा खोखरा एवं पास के समीपवर्ती गांव के सैकड़ों लोग वहां दौडक़र पहुंचे। किसी तरह से समवेत प्रयास कर ट्रैक्टर को सीधा किया गया, जिसमें दबे हुए कृषक दुहन सिंह कंवर को आनन फानन में निकाला गया। जिसके बाद उसे लेकर ग्रामीण कटघोरा सीएचसी पहुंचे, वहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कटघोरा पुलिस ने अस्पताल के वार्डब्वाय की सूचना पर मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए सीएचसी के चीरघर भिजवा दिया। जहां चिकित्सक ने मृतक के शव को पीएम करने के बाद अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजनों को वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद सुपुर्द कर दिया। इस घटना से ग्राम आमाखोखरा में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है।

इसी तरह एक अन्य हादसे में गंभीर रूप से घायल करतला थाना अंतर्गत ग्राम सेंदरीपाली निवासी युवक सुदामा चंद्रा को उपचार के लिए कल शाम कोरबा जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसे परीक्षण के उपरांत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को अस्पताल चौकी पुलिस ने सूचना दे दिया है। उसके गृहग्राम एवं रिश्तेदारी ग्राम डभरा से नाते रिश्तेदारों के पहुंचने के बाद जिला अस्पताल के चीरघर में उसके शव के पीएम की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए मच्र्युरी में रखवा दिया है।

## बालको वैक्सीन महाअभियान में 2000 कर्मचारियों को लगा कोविड बूस्टर डोज

**कोरबा।** बालको संयंत्र में कोविड बूस्टर डोज टीकाकरण प्रारंभ हुआ। वैक्सीन महाअभियान को सफल बनाते हुए बालको संयंत्र में दो दिन के भीतर 2000 अधिकारियोंए कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों को बूस्टर डोज लगाया गया। बालको के कोविड.19 टीकाकरण अभियान से कोरबा में महामारी नियंत्रण में मजबूती मिलेगी। चुनौतीपूर्ण समय में बालको परिवार के सदस्यों और क्षेत्रीय नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी गई है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक पति ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बूस्टर डोज महाअभियान



से कर्मचारियों को कोरोना वाइरस के दुष्प्रभावों से बचने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड.19 से बचाव और उसके प्रति जागरूकता के लिए बालको प्रबंधन ने व्यापक पैमाने पर अभियान संचालित किए हैं। बालको परिवार के सभी सदस्यों का टीकाकरण अभियान लगातार जारी है। पति ने कहा कि कोविड अप्रोप्रिएट बिहैवियर से ही इस महामारी से बचाव संभव है।

## मंदिरा दुकान में सेंध मारकर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** प्रार्थी आशीष पाण्डेय पिता कमलाकांत पाण्डेय उम्र 35वर्ष सा. सीएसईबी कालोनी दर्री थाना कुसमुण्डा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12-13,जुलाई 2022 की दरम्यानी रात में किसी अज्ञात चोर द्वारा देशी, अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान गेवरा कुसमुंडा में किसी अज्ञात चोर द्वारा पीछे के दीवाल में सेंधमार कर नगदी रक़म एवं शराब की बॉटल जुमला क़ीमती 35390 रुपये की चोरी कर लिया है। कि प्रार्थी की लिखित आवेदन पर अपराध सदर धारा 457/ 380 भादवि का होना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर धारा कायम कर विवेचना कार्यवाही लिया से गया था।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री लितेश सिंह के मार्गदर्शन पर' विवेचना दौरान पुलिस को सूत्रों एवं गवाह प्रशांत कुमार के कथनानुसार संदेही दिनेश सिंह कंवर पिता आधार सिंह उम्र 26 वर्ष सा. गजरा बस्ती थाना बाँकीमोंगरा को तलब कर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा पर दिनांक घटना को अपने एक साथी मंगल सिंह कंवर पिता सुद्ध सिंह दोनों साकिन गजरा बस्ती थाना बाकीमोगरा के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया, जो आरोपी के साथी को तलब कर पूछताछ किया गया, जिसके द्वारा भी घटना कारित करना स्वीकार करने पर आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त लोह सब्बल तथा दोनों आरोपियों के पेश करने पर चोरी की गई मशरूका नगदी जुमला 6500 रू. जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## कलेक्टर ने 14 अधिकारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**कांकेर (आरएनएस)।** गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठानों में गोबर खरीदी हेतु पशुधन की संख्या का पंजीयन एवं गौठानों में नियमित रूप से गोबर की खरीदी नही होने, गौठान समिति द्वारा महिला स्व-सहायता समूह को गोबर नहीं दिये जाने, मल्टी एक्टीविटी की एंट्री एप में नही किये जाने तथा गौठानों में उपलब्ध वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट के विक्रय में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर तृतीय चरण के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन सहित अन्य कार्यो में लापरवाही पाये जाने पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा सभी जनपद पंचायत के




कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला

14 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी तीन दिवस में शत प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर गोधन न्याय योजना एवं जी-मैप के साप्टवेयर में इसकी एंट्री कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

द्वारा जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरोज महिलांगे, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम, जनपद पंचायत चारामा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएस. बढ़ई, जनपद पंचायत अंतागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीआर. साहू, जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीके गुप्ता, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आषीष डे तथा जनपद पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी यादव सहित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भानुप्रतापपुर एनआर. नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोयलीबेड़ा दिनेष कुंजाम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दुर्गूकोंदल डीआर कोमरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अंतागढ़ महात्मा तरेता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर एलएन. नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चारामा राजकुमार सिन्हा और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कांकेर बी.मेश्राम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा उन्हें तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## चोरी के चार नग बैटरी सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह' के मार्गदर्शन में चौकी हरदीबाजार क्षेत्रान्तर्गत डीजल, कोयला, कबाड़ चोरों पर लगातार धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है ।



इसी तारतम्य में 16 जुलाई 2022 को उप निरीक्षक मयंक मिश्रा चौकी प्रभारी हरदीबाजार को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम रेंकी निवासी एक व्यक्ति ग्राम चैतमा से बैटरी चोरी कर लाकर अपने घर में छिपाकर रखा है कि सूचना पर हमराह स्टॉफ एवं गवाहान के ग्राम रेंकी जाकर आरोपी राजू पटेल से पूछताछ करने पर आरोपी राजू पटेल द्वारा संतोशप्रद जवाब न देते हुए बातों में उलझा रहा था जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना नाम 'राजू पटेल पिता टिकैतराम पटेल उम्र 26 वर्ष साकिन चैतमा हाल मुकाम ग्राम रेंकी' अपने ससुराल में रहना बताया तथा 14 जुलाई 2022 को अपने घर चैतमा जाने के दौरान रात्रि में वापस आते समय ग्राम चैतमा में रोड बनाने वाली कंपनी के अंदर घूसकर कंपनी के अंदर से कुल 04 नग बैटरी जिसमे से 02 नग एक्साईड कंपनी की कीमती 15000/- तथा दो नग पावर जोन कंपनी की बैटरी जिसकी कीमती 13000/- रू कुल जुमला 28,000 को रखा था। जिससे आरोपी राजू पटेल को उक्त बैटरी रखने व खरीदने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या रसीद हो तो पेश करने बाबत् नोटिस दिया गया जो आरोपी राजू पटेल द्वारा बैटरी रखने व खरीदने के संबंध में कोई कागजात नही होना बताने पर चोरी की होने की पूर्ण संभावना पर गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के 04 नग बैटरी जुमला कीमती 28,000 रू को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर 41-1-4, जा.फौ./379 भादवि. का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध इस्तगासा क्रमांक '21/2022 धारा 41-1-4 जा.फौ./ 379 भादवि. कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## युवाओं के कौशल में चार चाँद लगाता एनटीपीसी कोरबा का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोरबा।** युवाओं में रोजगार क्षमता विकसित करने के लिए कौशल विकास एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस दिशा में एनटीपीसी कोरबा अपने आस-पास के गांवों के युवाओं के कौशल विकास और रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इसी कड़ी में एनटीपीसी कोरबा द्वारा कौशल एवं तकनीकी सहायता केंद्र सिपेट कोरबा के सहयोग से युवाओं के कौशल विकास के लिए सहायक मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग एमओए. आईएम आरएससीध्क्यू 4501 का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



इस कार्यक्रम के तहत 40 विद्यार्थी प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए। 3 महीने तक चलने वाले इस प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात छात्रों के लिए प्लेसमेंट हेतु सहयोग किया गया। प्रशिक्षण समापन समारोह में पी एम जेना, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी कोरबा ने कहा कि इस अवसर पर आप सभी के बीच आ कर मैं हर्षित हूँ। मैं आशा करता हूँ कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आप सभी के लिए लाभदायक साबित हुआ होगा एवं कौशल विकास के इस प्रयास से सभी प्रशिक्षणार्थी रोजग़ार के नए अवसर पा सकेंगे। विद्यार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण दे कर उनके कौशल विकास में अपना योगदान देने के लिए उन्होने सीपेट टीम को भी धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि एनटीपीसी कोरबा अपने इस प्रयास से गौरवान्वित है।

इस अवसर पर केंद्र प्रमुख, सिपेट कोरबा, मनोज कुमार राजपूत ने कहा की एनटीपीसी कोरबा के साथ सहभागिता से हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 विद्यार्थियों को 3 महीने का गैर-आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। पाठ्यक्रम में उन्हे प्लास्टिक के विभिन्न पदार्थ बनाने वाले मशीन में प्रशिक्षण देते हैं, उपयोग होने वाली सामाग्री के बारे में बताते हैं एवं उद्योग जगत में उपयोग होने वाले पदार्थों के बारे में सिखाते हैं। प्रशिक्षण के समाप्ति के पश्चात ये विद्यार्थी देश के विभिन्न उद्योगो में व्यवसाय के अवसर पाते हैं। कार्यक्रम का दौरान पी एम जेना ने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण कर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना की। समापन समारोह में मनोरंजन सारंगीए विभागाध्यक्ष-मानव संसाधन बिजय कुमार स्वाइन, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन मनोज कुमार राजपूत, केंद्र प्रमुख सिपेट कोरबा एनटीपीसी कोरबा सीएसआर एवं सिपेट के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करावेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU